# FIRST INFORMATION REPORT
## (Under Section 154 Cr.P.C.)
## प्रथम सूचना रिपोर्ट
## (धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत)

1. **District (जिला):** Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Hisar **Year (वर्ष):** 2023

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0019 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 08/08/2023 15:25 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | IPC 1860 | 120-B |
| 2 | IPC 1860 | 418 |
| 3 | IPC 1860 | 420 |
| 4 | IPC 1860 | 467 |
| 5 | IPC 1860 | 468 |
| 6 | IPC 1860 | 471 |
| 7 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 13(2) |
| 8 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 13(1)(c) |
| 9 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 13(1)d |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** Sunday **Date from (दिनांक से):** 19/06/2016 **Date To (दिनांक तक):** 19/06/2016

**Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** 09:00 hrs **Time To (समय तक):** 17:00 hrs

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 08/08/2023 **Time (समय):** 15:02 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 014 **Date and Time (दिनांक और समय):** 08/08/2023 15:02 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** SOUTH-EAST, 95 Km(s) **Beat No. (बीट सं.):**

**(b) Address (पता):** गांव छपार जिला चरखी दादरी,

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

District (State) (जिला (राज्य)):

6. Complaint / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):

(a) Name (नाम): निरीक्षक कुलवंत सिंह नं.55 SR

(b) Father's/Husband's Name (पिता/पति का नाम):

(c) Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष): 1978 (d) Nationality (राष्ट्रीयता): INDIA

(e) UID No. (यूआईडी सं.):

(f) Passport No. (पासपोर्ट सं.):

Date of Issue (जारी करने की दिनांक): Place of Issue (जारी करने का स्थान):

(g) ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

(h) Occupation (व्यवसाय):

(i) Address (पता):

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | Present Address | भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उपकेन्द्र भिवानी, BHIWANI, HARYANA, INDIA |
| 2 | Permanent Address | भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उपकेन्द्र भिवानी, BHIWANI, HARYANA, INDIA |

(j) Phone number (दूरभाष सं.): Mobile (मोबाइल सं.):

7. Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रोज पटवारी | | Father's Name: रीखी | 1. माडल टाउन हांसी हाल तत्कालीन,पटवारी छपार हाल पटवारी तहसील,कार्यालय चरखी दादरी,CHARKHI DADRI,HARYANA,INDIA |
| 2 | जगदीश कुमार | | Father's Name: नानूराम | 1. राजीव कालोनी भिवानी,तत्कालीन कानूनगो तहसील,कार्यालय चरखी दादरी,CHARKHI DADRI,HARYANA,INDIA |
| 3 | राजकुमार भारद्वाज | | | 1. तत्कालीन सहायक चकबंदी अधिकारी,चरखी दादरी,CHARKHI DADRI,HARYANA,INDIA |
| 4 | रघवीर | | Father's Name: श्री दाता राम | 1. गांव छपार,CHARKHI DADRI,HARYANA,INDIA |

**8.** **Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

**9.** **Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**10.** **Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):**

**11.** **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

**12.** **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

सेवा में,

प्रबन्धक थाना,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,
हिसार मण्डल हिसार ।

श्रीमान जी,

जाँच क्रमांक 1 दिनांक 10.08.2020 चं0 दादरी मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार चौकसी विभाग के यादि क्रमांक 62/75/2019-4 चौकसी - (II) दिनांक 29.07.2020 की अनुपालना में महानिदेशक रा०चौ०ब्यूरो (ह.) पंचकुला के पृष्ठांकन क्रमांक 8488 / 1-3/ SVB (H) दिनांक 14.08.2020 के अनुसार दर्ज रजि० होकर इस मण्डल में प्राप्त हुई थी । जो जगबीर सिंह पुत्र श्री हुकम सिंह वासी छप्पार तहसील व जिला चं० दादरी की शिकायत के आधार पर दर्ज रजिस्टर की गई थी।

शिकायत में आरोप था कि गांव छप्पार तहसील व जिला चरखी दादरी में वर्ष 2015 में चकबन्दी की धारा 21 (1) लागू हो गई। चकबन्दी की धारा 21 (1) लागू होने के बाद चकबन्दी कर्मचारी अपने स्तर पर बदलाव नही कर सकता । लेकिन 19 जून 2016 को रोज पटवारी, जगदीश कुमार कानूनगो, सहायक चकबन्दी अधिकारी राजकुमार भारद्वाज, तथा तत्कालीन बन्दोबस्त अधिकारी - चकबन्दी - भिवानी के०एल० बिश्नोई ने मिलकर बड़ी साजिश रचकर धारा 21 (1) के बाद किला न० मुरब्बा न० बदल दिए जिसको बदलने का अधिकार नहीं था तथा डिमाण्ड कम करके अन्य हिस्सेदारों को 40 कनाल का फायदा पहुंचाया है। इसी प्रकार चकबन्दी की धारा 21 (1) के बाद हुकम सिंह की जमीन का किला न० बदलने, रघबीर पुत्र दाताराम की लड़ी न0 267 की लड़ी में 60 कनाल की जगह 100 कनाल अलॉट करने, हुकम सिंह की बदर न0 47 का 339 भाग जोड़ने तथा 417/2 व 1355/1 ये 1357/1 लड़ी का रकबा काटा गया हैं।

उपरोक्त आरोपी की पड़ताल के दौरान पाया गया कि गांव छप्पार तहसील व जिला चरखी दादरी में निदेशक चकबंदी के आदेशक्रमांक न0 694 दिनांक 25.06.1999 के अनुसार गांव छप्पार की भूमि की चकबंदी करने के आदेश हुए थे । गांव छप्पार तहसील व जिला चरखी दादरी की चकबन्दी के पश्चात पास बुक दिनांक 10.08.2015 में जारी की जानी पाई गई हैं गांव छप्पार में वर्ष 2015 में चकबन्दी अधिनियम की धारा 21 (1) दिनांक 11.05.2015 को लागू होनी पाई गई हैं। बन्दोबस्त चकबन्दी अधिकारी के पत्र क्रमांक 667 / सी0ओ0 दिनांक 26.05.2021 के अनुसार चकबन्दी के उपरान्त जो रकबा अलॉट किया जाता है पासबुक में मलकियत कुल रकबा खसरा न० सभी किला जात का नक्शा बनाया जाता है और पासबुक पर पटवारी, कानूनगो, सहायक चकबन्दी अधिकारी के हस्ताक्षर होते हैं जो परमानेन्ट होती हैं। यदि कोई व्यक्ति चकबन्दी अधीनियम की धारा 21 (2) में अपील करता हैं तो अपील उपरान्त ही

तबदीली की जा सकती हैं। लेकिन 19 जून 2016 के पश्चात रोज पटवारी, जगदीश कुमार कानूनगो, सहायक चकबन्दी अधिकारी राजकुमार भारद्वाज, द्वारा बड़ी साजिश रच करके 21 (1) के बाद किला व मुरबा नम्बर बदलकर लड़ी नं0 400 में परिवर्तन कर दिए जिसकी हाल मे स्थिति इस प्रकार है कि 73 / 2 शर्कज, 3 जनूब, 4 गर्वज, 7 गर्व, 8 गर्व, 9 गर्व, 16 गर्व, 17ज0, 18ज0, 23ज0, 24 गर्व, 25 गर्व दिया गया है, परन्तु तकसीम के समय दी गई उपरोक्तलडी की कॉपी में रक्बा इस प्रकार था मुस्तील न० 73 / / 2 शर्कज, 3 ज0, 4 गर्वज, 7 गर्वज, 8.9 शर्क, 17 गर्वज, 18 शर्कज, 23 शर्कज, 24 गर्व व 102 // 3 शर्क, 4 गर्व, 7 गर्व, 8 शर्क शुमाल था । इस प्रकार चकबन्दी के बाद दी गई कॉपी मे दिए गए रकबा में परिवर्तन उक्त रोज पटवारी, जगदीश कुमार कानूनगो व श्री राजकुमार सहायक चकबंदी अधिकारी द्वारा गैर कानूनी रूप से अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर परिवर्तन किया जाना पाया गया है।

पड़ताल के दौरान पाया गया कि उपरोक्त अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा रघुवीर पुत्र श्री दाता राम के साथ मिलीभगत करके उसको नियमानुसार उसकी डिमांड के अनुसार 60 कनाल 1 मरला रकवा देने की बजाए उसे 100 कनाल रक्बा देने के लिए डिमांड से 40 कनाल रकबा अधिक दिया गया था, इसमे 19 कनाल 4 मरला रकबा पंचायत की भूमि से दिया गया था, जो सीमाबंदी संख्या 94 के अनुसार पंचायत का खसरा न0 204 / /1 गर्व 0-17, 10 गर्व 1-9 व खसरा नं० 205 // 4 ज० 3-2, 5 ज० 3-2,6 शु0 5-7, 7 शु0 5-7 से दिया जाना पाया गया। जिस बारे रिपोर्ट तत्कालीन पटवारी, कानूनगो व ACO द्वारा दी जानी पाई गई ।

पड़ताल के दौरान पाया गया कि उपरोक्त अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा राजस्व रिकार्ड में गैर कानूनी तरीके से व अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर राजस्व रिकार्ड के साथ छेड़छाड़ करने की शिकायत होने के बाद गलत तरीके से राजस्व रिकार्ड में कटिंग व फेरबदल करके उपरोक्त रघबीर पुत्र दाता राम की लड़ी न० 267 में दिए गए 100 कनाल रकबे को उस द्वारा गैर कानूनी रूप से की गई कटिंग / फेरबदल को छुपाने के
लिए 67 कनाल 16 मरला कर दिया।

आरोप सिद्ध होने पर रोज पटवारी, चकबन्दी विभाग, चरखी दादरी, जगदीश कुमार, कानूनगो, चकबन्दी विभाग चरखी दादरी, राजकुमार तत्कालीन सहायक, चकबन्दी विभाग, चरखी दादरी व रघवीर पुत्र श्री दाता राम गांव छप्पार जिला चरखी दादरी के विरुद्ध 418, 420, 467, 468, 471, 120 बी० भा०द०स० व 13 (1) (c) (d) r/w 13(2) पी०सी० एक्ट के तहत अभियोग अंकित करने व विभागीय कार्यवाही का सुझाव सहित व अभियोग के अनुसंधान के दौरान यदि किसी अन्य व्यक्ति की भी संलिप्ता पाई जाये तो उसको अभियोग में शामिल करने का सुझाव देकर अंतिम रिपोर्ट कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हरियाणा, पंचकुला भेजी गई थी।

परिक्षणोंपरान्त महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हरियाणा, पंचकुला द्वारा जॉच रिपोर्ट अपनी टिप्पणी के सहित मुख्य सचिव हरियाणा सरकार चौकसी विभाग चण्डीगढ़ को भेजी गई थी।

अब मुख्य सचिव हरियाणा सरकार चौकसी विभाग के पृ0क्रमांक 62/75/ 2019-4 चौ0 (II) दिनांक 12.07.2023 की अनुपालना में महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हरियाणा, पंचकुला के पृष्ठांकन क्रमांक 12456 / आई-3 / ए0सी0बी0 (एच) दिनांक 20.07.2023 के अनुसार (1) रोज पटवारी पुत्र श्री रीखी निवासी मॉडल टाउन हांसी तत्कालीन पटवारी छपार हाल पटवारी तहसील कार्यालय चरखी दादरी (2) जगदीश कुमार पुत्र श्री नानूराम निवासी राजीव कॉलोनी भिवानी तत्कालीन कानूनगो, तहसील कार्यालय चरखी दादरी, (3) राजकुमार भारद्वाज तत्कालीन सहायक चकबन्दी अधिकारी, चरखी दादरी व (4) रघवीर पुत्र श्री दाता राम गांव छपार जिला चरखी दादरी के विरूद्ध अभियोग अंकित करने के आदेश प्राप्त हुये । प्राप्ता आदेश की अनुपालना में (1) रोज पटवारी पुत्र श्री रीखी निवासी मॉडल टाउन हांसी तत्कालीन पटवारी छपार हाल पटवारी तहसील कार्यालय चरखी दादरी, (2) जगदीश कुमार पुत्र श्री नानूराम निवासी राजीव कॉलोनी भिवानी तत्कालीन कानूनगो तहसील कार्यालय चरखी दादरी, (3) राजकुमार भारद्वाज तत्कालीन सहायक चकबन्दी अधिकारी, चरखी दादरी व (4) रघवीर पुत्र श्री दाता राम गांव छपार जिला चरखी दादरी के विरूद्ध 418, 420, 467, 468, 471, 120 बी० भा०द०स० व 13(1) (c) (d) r/w 13(2) पी०सी० एक्ट के तहत अभियोग अंकित किया जाकर असल तहरीर व जांच क्रमांक 01 दिनांक 10.08.2020 चरखी दादरी की 4 फाइलें प्राप्ता रिकार्ड सहित बराये करने अनुसंधान निजद महेश कुमार उप पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हिसार को भिजवाई जावें तथा प्रथम

सूचना रिर्पोट की प्रति बजरिया डाक / ईमेल ईलाका मजिस्ट्रेट साहब व पुलिस अधीक्षक, चरखी दादरी तथा अन्य सम्बन्धित उच्च अधिकारियों को भिजवाई जावे।

SD Kulwant Singh
निरीक्षक कुलवंत सिंह,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,
उपकेन्द्र भिवानी ।

अज थानाः- उपरोक्त तहरीर पर मुकदमा नं. 19 दिनांक 08.08.2023 जेर धारा 418, 420, 467, 468, 471, 120 बी॰ भा॰द॰स॰ व 13(1) (c) (d) r/w 13(2) पी॰सी॰ एक्ट थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हिसार दर्ज रजिस्टर किया जाकर नकल मिशल मय असल लेख मय आमदा रिकार्ड कुल 4 फाईलें बराये तफतीश श्री महेश कुमार उप पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हिसार के पास भेजी जा रही हैं । नकुलात प्रथम सूचना रिपोर्ट की स्पैशल रिपोर्ट ईलाका मैजिस्ट्रेट साहब चरखी दादरी व पुलिस अधीक्षक चरखी दादरी को बजरिया ई-मेल से भेजी जा रही है ।

**13. Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2. (की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):**

**(1)** **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया):** / **or ( या)**

**(2)** **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** Mahesh Kumar **Rank (पद):** Dy. SP (Deputy Superintendant of Police)

**No. (सं.):** HPS **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

**(3)** **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

**(4)** **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C. (आर.ओ.ए.सी.)**

**Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम):** Satyapal

**Rank (पद):** Inspector

**No. (सं.):** 303/SPT

**14. Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

**15. Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**

**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S. No. (क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height (cms) (कद (से.मी.)) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** |
| 1 | Male | | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 2 | Male | | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 3 | Male | | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 4 | Male | | | | | **Is pox pitted:** Yes |

| Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eye (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit (s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| **8** | **9** | **10** | **11** | **12** | **13** |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| Language/Dialect (भाषा/बोली) | Place of (का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे)) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| **14** | **15** | **16** | **17** | **18** | **19** | **20** |
| | | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**

**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)**